सुविचार



जिस तरह पहली बारिश मौसम का मिजाज बदल देती है उसी प्रकार उदारता नाराजगी का मौसम बदल देती है

- मुक्ता

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- कांवड़ियों की टोली को बेकाबू कार ने कुचला, पांच गंभीर II
- पोस्टर में बहीं नदियां, दिखा स्मारकों का वैभव III
- ओडिशा लगातार दूसरी बार बना चैंपियन IV

लखनऊ, गुरुवार, 12 फरवरी 2026


## शहर में आज



- नेशनल पीजी कॉलेज में टेकफेस्ट के जरिये लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के तकनीकी छात्रों का प्रशिक्षण- 10 :00 बजे से।
- चारबाग के एपीसेन रोड स्थित श्रमायुक्त कार्यालय पर हिंद मजदूर सभा का प्रदर्शन- 12 :00 बजे से।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम के निकट स्व. बीएन सिंह प्रतिमा स्थल पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का पुरानी पेंशन, आठवें वेतन आयोग का लाभ दिलाने समेत नौ मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष कमल अग्रवाल की अगुवाई में सभा और ज्ञापन- 12 :30 से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## अफसरों ने सराहा

### बेहतर होगी पुलिसिंग



- बजट में कानून-व्यवस्था और आधुनिक पुलिसिंग के लिए 44000 करोड़ से अधिक आवंटित करने के लिए डीजीपी राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया पोस्ट कर कहा कि यह बजट स्मार्ट, तकनीक सम्पन्न और आधुनिक पुलिसिंग को नई गति देगा। साइबर थानों के आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र की स्थापना, डिजिटल व फोरेंसिक जांच, नई फोरेंसिक लैब और वैज्ञानिक अन्वेषण के विशेष प्रावधान इसके प्रमाण है।

### ऊर्जा क्षेत्र को गति

- मुख्य अभियंता जानकीपुरम जोन वीपी सिंह ने कहा किपिछले कई वर्षों से ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 26-27 में पेश हुए प्रदेश के बजट में ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए मिले बजट से जहां इनके कामों में तेजी आयेगी, वहीं बिजली की खरीद से लेकर उत्पादन प्रणाली को भी मजबूत किया जा सकेगा। अभी हमें बजट में देखना होगा कि ऊर्जा के किन-किन सेक्टरों में कितना आवंटन किया गया है। फिर भी हम कह सकते है यह बजट ऊर्जा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### खेलों होगा सुधार

- क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी और लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल अतुल सिन्हा ने कहा कि खेल के लिए बजट में किए गए उपायों से प्रदेश के खेल जगत में परिवर्तन आने की संभावना है। सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले से जहां खिलाड़ियों को लाभ होगा, वही यूपी का खेल जगत नई ऊंचाइयों को छू सकेगा।

### ऋण तक पहुंच बढ़ेगी



- जिला अग्रणी प्रबंधक मनीष पाठक ने कहा कि सूक्ष्म उद्यम क्रेडिट कार्ड: 10 लाख सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की ऋण सुविधा, वित्तीय समावेशन और आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देना। एमएसएमई के लिए ऋण कवर, गारंटी कवर 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया, जिससे ऋण तक पहुंच बढ़ सकेगी।

### वितरण तंत्र होगा मजबूत



- राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह बजट ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा और गति प्रदान करने वाला है, हालांकि कुछ मामलों में यह उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतर सका। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिए 65,926 करोड़ रुपये का प्रावधान बताता है कि सरकार बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण तंत्र को मजबूत करने के लिए गंभीर और प्रतिबद्ध है।



# कुत्तों को मिलेगा 'घर' दूर होगा लोगों का डर

## 5.71 करोड़ रुपये डॉग शेल्टर होम बनाने के लिए नगर निगम को मिलेंगे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** सड़क से लेकर गलियों तक में आतंक बने आवारा कुत्तों से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है, क्योंकि प्रदेश सरकार ने बजट में

सर्वोच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बाद सरकार आवारा कुत्तों को लेकर गंभीर हो गई है। बजट में लखनऊ सहित प्रत्येक नगर निगम जहां एबीसी सेंटर हैं, वहां पर 5.71 करोड़ रुपये से डॉग शेल्टर होम बनाने के लिए बजट का प्रवधान कर दिया है। नगर पालिका परिषदों में भी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर(एबीसी) सेंटर बनाए जाएंगे। इनमें आवारा कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक नगर पालिका परिषद में 5.31 करोड़ का बजट का रखा गया है।



चारबाग रेलवे और बस स्टेशन के पास से अंदर की जाने वाली गली में आवारा कुत्तों का झुंड।

### केजीएमयू में 400 करोड़ की परियोजनाएं

- अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार के बजट प्रावधान के बाद किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बुनियादी ढांचे के विस्तार की बड़ी परियोजनाओं को गति मिलने जा रही है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि पुराना डेंटल भवन जर्जर हो चुका है। आईआईटी के विशेषज्ञों ने निरीक्षण के बाद इसे असुरक्षित घोषित किया था। वहां संचालित विभागों को अस्थायी रूप से नए डेंटल भवन में शिफ्ट किया जा चुका है और पुराने भवन को जल्द ध्वस्त किया जाएगा। उसके स्थान पर बहुमंजिला अत्याधुनिक डेंटल ब्लॉक बनाया जाएगा, जिसमें डेंटल के चार विभाग संचालित होंगे। क्वीनमेरी के पीछे अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर वूमेन एपेक्स सेंटर की स्थापना की जाएगी। यहां गंभीर गर्भवती महिलाओं और प्रसव के दौरान या बाद में गंभीर हुई प्रसूताओं को भर्ती किया जाएगा। केंद्र में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट बनेगी, जिसमें 50 बेड मातृ गहन चिकित्सा इकाई (एमआईसीयू) और 50 बेड नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) के होंगे। न्यू डेंटल ब्लॉक और वूमेन एपेक्स सेंटर के निर्माण पर लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## एसजीपीजीआई

# दुर्लभ रोगियों के लिए बनेगा 500 बेड का आधुनिक केन्द्र

**2246** करोड़ रुपये संस्थान को बजट में हुए आवंटित

**954** करोड़ रुपये पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक मिले



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) को इस वर्ष अब तक का सबसे बड़ा बजट 2246 करोड़ रुपये आवंटित किया है। बीते वर्ष 1292 करोड़ रुपये के मुकाबले इस बार 954 करोड़ रुपये अधिक राशि दी गई है।

बजट का प्रमुख उद्देश्य गंभीर और दुर्लभ रोगियों के इलाज के लिए क्वाटर्नरी स्वास्थ्य (चतुर्थक स्वास्थ्य देखभाल) केन्द्र स्थापित करना है। पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान ने बताया कि 500-बेड वाले इस अत्याधुनिक केन्द्र में लिवर, गुर्दा, हृदय, मस्तिष्क और दुर्लभ रोगों से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसमें अंग प्रत्यारोपण यूनिट, लैब और कई ऑपरेशन थियेटर शामिल होंगे। पहले चरण में रोगियों की भर्ती अप्रैल 2027 से शुरू होगी।

कार्डियक साइंसेज, न्यूरोसाइंसेज, रीनल साइंसेज, गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल एवं हेपैटिक सेवाएं, क्रिटिकल केयर, मैटरनल एंड फीटल मेडिसिन, ऑन्कोलॉजी, जीन एवं सेल थेरेपी और रेयर डिजीज जीनोमिक सेवाएं उपलब्ध होंगी। पीजीआई परिसर में बन रहे एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर में अक्टूबर से बच्चों का इलाज शुरू होगा। पहले चरण में 17 विभागों के 310 बेड पर इलाज संभव होगा। यह केन्द्र उत्तर भारत का पहला ऐसा पीडियाट्रिक सेंटर होगा, जिसमें 575 बेड और 24 विभाग एक ही छत के नीचे संचालित होंगे।

### पहले चरण में 310 बेड

| बेड प्रकार | संख्या |
|---|---|
| सामान्य | 163 |
| आईसीयू | 54 |
| एचडीयू | 28 |
| आइसोलेशन | 20 |
| प्राइवेट | 45 |

### ये काम होंगे

- निर्माण कार्यों के लिए 359 करोड़
- पीजीआई और एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में उपकरण, मशीन व संसाधन 600 करोड़
- डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य का वेतन 900 करोड़
- सामान्य गैर-वेतन सहायता अनुदान 375 करोड़
- दवा और रसायन 10 करोड़

### मुख्य सुविधाएं

- गंभीर रोगियों के लिए सीसीएम में 60 बेड बढ़ेंगे
- बर्न यूनिट स्थापित होगी 80बेड की
- दो नए रोबोटिक सर्जरी सिस्टम लगाए जाएंगे
- सेंटर फॉर एक्सीलेंस का निर्माण होगा
- ब्लड कैंसर विभाग का विस्तार किया जाएगा

# कल्याण सिंह कैंसर संस्थान पर विशेष ध्यान, मिले 326 करोड़

## लीनियर एक्सलरेटर व रोबोटिक सर्जरी से मिलेगा आधुनिक उपचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को 326 करोड़ रुपये का बड़ा बजट आवंटित कर संस्थान को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इस राशि से संस्थान के ढांचे, संसाधनों और उपचार सुविधाओं में व्यापक सुधार किया जाएगा।

संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि कुल 326 करोड़ रुपये के बजट में 70 करोड़ रुपये वेतन मद, 70 करोड़ रुपये गैर-वेतन मद के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा 150 करोड़ रुपये आधुनिक मशीनों और उपकरणों की खरीद पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 36 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों के लिए आवंटित किए गए हैं, जिससे संस्थान का बुनियादी ढांचा और सुदृढ़ होगा।

### ट्यूमर का सटीक आकलन संभव

- चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय वरुण ने बताया कि संस्थान में अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए जाएंगे। लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से लीनियर एक्सलरेटर मशीन लगाई जाएगी, जो कैंसर मरीजों को सटीक और प्रभावी रेडियोथेरेपी प्रदान करने में सहायक होगी। इसके अलावा 30 करोड़ रुपये की लागत से सीटी सिमुलेटर स्थापित किया जाएगा, जिससे उपचार शुरू करने से पहले ट्यूमर की सटीक स्थिति और आकार का आकलन किया जा सकेगा।



### रोबोटिक सर्जरी की सुविधा

- डॉ. विजय वरुण ने बताया कि मरीजों को अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 'डॉ. विंसी' रोबोटिक सर्जरी प्रणाली की स्थापना हेतु 30 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस तकनीक के जरिए जटिल कैंसर सर्जरी अधिक सटीक, सुरक्षित और कम जोखिम वाली बन सकेगी, जिससे मरीजों की रिकवरी भी तेज होगी।

## निराशा

### पुरानी पेंशन व नियमितीकरण पर चुप्पी : तिवारी

- राज्य सरकार की ओर से विधानमंडल में प्रस्तुत लगातार दसवें बजट पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने नाराजगी जताई है। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि बजट भले ही बुनियादी ढांचा, निवेश और विकास उन्मुख बताया जा रहा हो, लेकिन इसमें कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की गई है। चुनाव से पहले आखिरी बजट होने के कारण कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) लागू करने, नई पेंशन योजना को अधिक कल्याणकारी बनाने तथा संविदा, आउटसोर्स और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए ठोस नीति की उम्मीद थी, जो पूरी नहीं हुई।

### वेडिंग इंडस्ट्री को कुछ नहीं : विजय कुमार

- उत्तर प्रदेश टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन ने वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े व्यापारियों की उपेक्षा पर निराशा जताई। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि नौ वर्षों की तरह इस बजट में भी व्यापारियों को कोई ठोस राहत नहीं मिली। व्यापारियों की लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें स्वास्थ्य बीमा और सुरक्षा बीमा की सुविधा दी जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में परिवार को सहारा मिल सके।

### बजट पूरी तरह चुनावी : अमित श्रीवास्तव

- कांग्रेस के लखनऊ महानगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि यह बजट चुनावी बजट है। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है कभी भी अपने किए वादों पर खरी नहीं उतरी है। 2027 में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए जनता को सुनहरे सपने दिखाने वाला बजट प्रस्तुत किया है। इनकी गलत नीतियों से, महंगाई की मार से, बेरोजगारी से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। इसका परिणाम इनको आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान



### लकवाग्रस्त मरीजों के लिए नई उम्मीद

- पीएमआर (फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन) विभाग में साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से रोबोटिक अपर एक्सट्रीमिटी फंक्शनल थेरेपी डिवाइस खरीदी जाएगी। इस डिवाइस के जरिए पैरालिसिस के मरीजों को रोबोट की सहायता से व्यायाम कराया जाएगा, जिससे रिकवरी की गति तेज होगी और निष्क्रिय अंगों में दोबारा सक्रियता लाने में मदद मिलेगी। वहीं, कार्डियोलॉजी विभाग में साढ़े चार करोड़ रुपये की लेजर मशीन स्थापित की जाएगी। इसके माध्यम से हृदय की धमनियों में जमा कैल्शियम को लेजर तकनीक से हटाया जा सकेगा, जिससे हृदय रोग उपचार और अधिक प्रभावी होगा। सरकार की इस बजटीय सौगात से लोहिया संस्थान में सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के विस्तार और मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# कैंसर की रोबोटिक सर्जरी होगी बनेगा 1000 बेड का अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान को चालू वित्तीय वर्ष में1,08,500 रुपये (करीब 1085 करोड़ रुपये) का बजट आवंटित किया है। यह राशि पिछले वर्ष मिले 1,06,000 लाख रुपये से 2500 लाख रुपये अधिक है। बढ़ते मरीज दबाव को देखते हुए बजट में की गई वृद्धि से संस्थान में आधुनिक इलाज सुविधाओं को विस्तार देने में मदद मिलेगी।

संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि मशीनों और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए 25,000 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। कैंसर मरीजों के लिए एडवांस रोबोटिक सर्जरी सिस्टम खरीदा जाएगा। इससे जटिल कैंसर सर्जरी अधिक सटीक और सुरक्षित ढंग से की जा सकेगी।उन्होंने बताया कि भवन निर्माण कार्यों को भी गति दी जाएगी। इसके लिए 20,000 लाख रुपये का बजट निर्धारित है, जिसमें 1000 बेड के नए अस्पताल, हॉस्टल और स्टाफ पोस्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण शामिल है।

### आधुनिक जांच सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा

- गुर्दा प्रत्यारोपण से पहले मरीज और डोनर की कई महत्वपूर्ण जांचें आवश्यक होती हैं, जो अब तक संस्थान में सीमित थीं। निदेशक ने बताया कि एक करोड़ रुपये की लागत से एचएलए ट्रांसप्लांट लैब स्थापित की जाएगी। इसके अलावा ढाई करोड़ रुपये से एडवांस ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप विद कैमरा, 15 करोड़ रुपये से अत्याधुनिक ड्यूल एनर्जी सीटी स्कैन मशीन और 12 करोड़ रुपये से नई एमआरआई मशीन खरीदी जाएगी।

## पर्यटन पर ध्यान

कॉर्पस फंड के ब्याज और टिकट की धनराशि से किया जाएगा रखरखाव

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल के प्रबंधन, संचालन, सुरक्षा के लिए 50 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसन्तकुंज योजना के 65 एकड़ में बना राष्ट्र प्रेरणा स्थल का संचालन कॉर्पस फंड के ब्याज और टिकट से प्राप्त होने वाली राशि से किया जाएगा। बुधवार को राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में 50 करोड़ रुपये कॉर्पस फंड प्रस्तावित किया है।

प्रेरणा स्थल लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 230 करोड़ रुपये से बनाया है। इसका उद्घाटन 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इसके बाद प्रेरणा स्थल को संचालन करने की एलडीए ने रूपरेखा तैयार की थी। शासन स्तर से मिलने वाले 50 करोड़ रुपये और प्राधिकरण द्वारा 25 करोड़ रुपये कार्पस फंड में जमा किए जाएंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल संचालन समिति का पंजीकरण कराने के साथ एक अलग बैंक अकाउंट खोला गया है। बैंक में जमा कॉर्पस फंड से जो ब्याज प्राप्त होगा उस राशि से सुरक्षा प्रबंधन और अनुरक्षण के कार्य कराए जाएंगे। साथ ही जो टिकट से आय होगी वह भी अन्य कार्यों में खर्च की जाएगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने उद्घाटन के बाद हॉर्टीकल्चर के विभिन्न कार्य कराने के साथ देखरेख की जिम्मेदारी उद्यान अधिकारी को सौंपी थी। इसके अलावा अनुरक्षण सम्बंधी कार्यों के लिए दो अवर अभियंताओं की ड्यूटी लगाई थी। वहीं, सुरक्षा के लिए दो शिफ्टों में 54 पूर्व सैनिक तैनात किए गए हैं।

### स्थल के संचालन की कमेटी में ये शामिल

- राष्ट्र प्रेरणा स्थल के संचालन को लेकर शासन स्तर पर एक कमेटी बनाई गई है। इसमें प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को अध्यक्ष हैं। जबकि सचिव एलडीए उपाध्यक्ष हैं। प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव नगर विकास, प्रमुख सचिव पर्यटन, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, मंडलायुक्त लखनऊ मंडल सदस्य हैं।



### कुकरैल नाइट सफारी मिले 1,510 करोड़ रुपये

- बजट में सरकार ने कुकरैल नाइट सफारी के लिए 1,510 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सफारी के निदेशक रामकुमार ने कहा कि सफारी 2027 एकड़ में तैयार की जा रही है। इसके लिए पिछले बजट में 100 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ था। निदेशक ने बताया कि कुकरैल सफारी को सिंगापुर की नाइट सफारी की तर्ज पर बनाया जाएगा। लखनऊ में बन रही कुकरैल नाइट सफारी के लिए 207 करोड़ रुपये दिए गए हैं। निदेशक ने कहा कि ये मुख्यमंत्री का ये ड्रीम प्रोजेक्ट देश की पहली और दुनियां की पांचवीं नाइट सफारी होगी। कुछ औपचारिकताएं को पूरा कर आवंटित बजट से कार्य को तेजी से कराया जाएगा।

# 33 हजार की पूरी होगी पक्की छत की आस

- तीन किस्तों में दिए जाएंगे 1.20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत कराए गए आवास-प्लस 2024 सर्वेक्षण में शामिल लाभार्थियों को पक्की छत मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने वर्ष 2026-27 का बजट जारी किया है। इससे चयन होने पर निर्माण के लिए तीन किस्तों में 1.20 लाख रुपये दिए जाएंगे।

वर्ष 2011 की सूची से हटकर जरूरतमंदों को त्वरित आवास देने के लिए ऑनलाइन सर्वे कराया गया था। सर्वे दो चरणों में हुआ। पहले विकल्प में नामित कर्मियों ने मौके पर जाकर एप पर करीब 23 हजार लाभार्थियों के नाम व स्थल की फोटो फीड की। जबकि दूसरे विकल्प में 10 हजार लाभार्थियों ने एप पर सेल्फ सर्वे यानी स्वयं से नाम दर्ज किए। इस व्यवस्था में अपात्र के शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। क्योंकि पात्रता के विकल्प पूरे होने पर ही नाम दर्ज हुए हैं। फिर भी सभी का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। जो अंतिम चरण पर है। 15 फरवरी को सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। जिन नामों में आपत्ति आई हैं उनका निस्तारण किया जाएगा।

यह प्रक्रिया पूर्ण होते ही नये वित्तीय वर्ष से चयनित लाभार्थियों को आवास आवंटित करके निर्माण की पहली किस्त 40 हजार रुपये उनके खातों में भेजी जाएगी। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास का भी बजट प्रस्तावित किया है। इसके तहत आपदा पीड़ित, कुष्ठ रोगी और दिव्यांगों को त्वरित आवास से लाभान्वित किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट के सतरीख निवासी मजदूर पुरुषोत्तम (36) की बुधवार सुबह इलाज के दौरन मौत हो गई। भाई प्रसादी ने बताया कि पुरुषोत्तम मूलरूप से लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। वह तीन माह पहले पत्नी संगीता के साथ मजदूरी करने आया था। दो दिन पहले पुलिस को पुरुषोत्तम लहूलुहान हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार भोर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

### फंदे से लटककर महिला ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के सौनई कजेहरा गांव निवासी आशा उर्फ राधा (33) ने मंगलवार देर रात को फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक सौनई कजेहरा गांव निवासी आशा उर्फ राधा परिवार के साथ रहती है। पति उमेश रावत मजदूरी करता है। मंगलवार देर रात कंट्रोल रूम पर एक महिला की मौत की सूचना मिली। बताया कि उमेश ने अपनी पत्नी को मारपीट कर फंदे से लटका दिया है। सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजन के साथ मिलकर शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगी। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक महिला के मायके पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कार से डॉक्टर का लैपटॉप बैग चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज इलाके में जनरल स्टोर के बाहर खड़ी कार से डॉक्टर का लैपटॉप व बैग में अन्य अन्य सामान उचक्कों ने पार कर दिया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी डा. सुमित कुमार ने बताया कि हजरतगंज स्थित नवल किशोर रोड पर मामा का जनरल स्टोर दीवान चंद दर्शन लाल नाम से है। वे 7 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे कार से दुकान पहुंचे। करीब पौने घंटे बाद वह बाहर निकले तो कार में रखा लैपटॉप बैग गायब था। बैग में लैपटॉप, चार्जर, बैंक के पेपर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य जरूरी सामान था।

### चुनावी रंजिश में फल दुकानदार पर हमला

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर में प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर दबंगों ने फल दुकानदार पर हमला कर दिया। मूल रूप से औरास उन्नाव निवासी बब्लू प्रसाद गंगाखेड़ा चौराहे पर फलों की दुकान लगाता है। वह परिवार के साथ कृष्णानगर में रहता है। बब्लू ने बताया कि वह 2026 में अपने पैतृक गांव से प्रधानी चुनाव की तैयारी कर रहा है। पूर्व में वह बीडीसी का चुनाव भी लड़ चुका है। प्रधानी चुनाव को लेकर गांव के बब्लू उर्फ बलवीर, छोटू और चुन्नू सिंह उससे रंजिश मानते हुए उसे चुनाव नहीं लड़ने देना चहते है। आरोप है कि 16 सितंबर 2025 की रात करीब साढ़े यह लोग दुकान पर आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान दबंगों ने बब्लू की जेब से सात हजार रुपये छीन लिए। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने बब्लू, छोटू, चुन्नू सिंह, कल्लू व छोटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### छात्र समेत दो के खाते से उड़ाए दो लाख


**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर जालसाजों ने छात्र समेत दो के खातों से करीब दो लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने रिफंड का झांसा देकर लिंक भेजा तो कहीं चचेरे भाई का एक्सीडेंट बताकर फंसाया। साइबर ठगी के यह मामले गौतमपल्ली और गाजीपुर के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। मूल रूप से गोंडा निवासी सुरेश चंद्र तिवारी जियामऊ स्थित शुक्ला हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने शापिंग मार्ट रिफंड की बात कहते हुए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जैसे ही पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया तो खाते से 99 हजार रुपये गायब हो गए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बैंक और साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित सुरेश ने गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे, चालक की मौत, तीन घायल

## दो ट्रामा सेंटर में व एक निजी अस्पताल में भर्ती, कानपुर देहात से मछली बेचने आ रहे थे दुबग्गा मंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुबग्गा के हरदोई रोड स्थित मछली मंडी के सामने मंगलवार देर रात ईंट लदी बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली ने सामने से आ रही ईको वैन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान वै चालक की मौत हो गई। अन्य तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सभी मछली बेचने के लिए आ रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।



हादसे के बाद वैन की हालत (इनसेट में) मृतक संजय सिंह सेंगर। अमृत विचार

कानपुर देहात के शिवली थानाक्षेत्र के मैथा निवासी संजय सिंह सेंगर (34) वैन मालिक थे। छोटे भाई हिमांशु ने बताया कि मंगलवार को भाई वैन लेकर कस्बे के हर्ष सिंह, पप्पू सिंह और पप्पू कश्यप के साथ दुबग्गा मंडी मछली बेचने के लिए निकले थे। पप्पू कश्यप मछली का काम करते है। देर रात मछली मंडी के पास सामने से आ रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने वैन में टक्कर मार दी। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग गया।

दुबग्गा पुलिस ने राहगीरों की मदद से वैन में फंसे लोगों को लहूलुहान हालत में बाहर निकाला और आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने संजय को मृत घोषित कर दिया। तीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया। हर्ष की हालत चिंताजनक बनी हुई है। परिजन ने उसे वेदांत अस्पताल रेफर कराया है। वहीं, पुलिस ने संजय के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजन को घटना की जानकारी दी। बुधवार को परिजन पोस्टमार्टम पहुंचे। वहां छोटे भाई हिमांशु ने पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### हादसे के बाद सड़क पर फैली मछलियां

- टक्कर इतनी तेज थी कि ईको वैन के परखच्चे उड़ गए। वैन में रखी मछलियां सड़क पर फैल गई। राहगीर मछलियों को उठाने में लग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैन में फंसे लोगों को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला। इसके बाद सभी को अस्पताल भेजा।

# दादी को सुपुर्द-ए-खाक कर वापस जा रहे किशोर की हादसे में मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** इटौंजा के अर्जुनपुर हाइवे कट पर बुधवार दोपहर स्कूटी सवार अबू शाद (15) को बेकाबू पिकअप ने टक्कर मार दी। उसके सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रही ट्रक ने कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में उसका दोस्त मुस्तफा घायल हो गया। दोनों हादसे के वक्त अबू शाद अपनी दादी को सुपुर्द-ए-खाक कर वापस घर जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पिकअप व ट्रक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक भैंसामऊ निवासी अबू शाद की दादी हसीना का मंगलवार को इंतकाल हुआ था। बुधवार दोपहर सुपुर्द-ए-खाक करने के बाद वह अपने दोस्त मुस्तफा को घर छोड़ने निकला था। घरवालों से उसने हंसते हुए कहा था कि दोस्त के साथ समोसा खाने जा रहा है। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी आखिरी विदाई होगी। हादसे में मुस्तफा घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने तुरंत बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। उधर पिकअप और ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गए।

परिजन ने बताया कि अबू शाद एसआर ग्लोबल स्कूल, भैंसामऊ में कक्षा 8 का छात्र था। खबर मिलते ही मां ऊशमा घटनास्थल पर पहुंचीं और बेटे का शव देख बेसुध हो गईं। आठ साल का छोटा बेटा हमजा बार-बार शव देखकर भाई के बारे में पूछताछ कर रहा था। हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात ठप रहा। पूरे गांव में मातम पसरा है और हर आंख नम है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन ने देर शाम तक तहरीर नहीं दी थी। पुलिस ट्रक व पिकअप की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### समारोह से वापस जा रहे युवक की हादसे में मौत

- अमृत विचार, लखनऊ: इंदिरानगर के रसूलपुर प्रेस के पास ई-रिक्शा ने बाइक सवार मनोज (38) को टक्कर मार दी। हादसे में घायल मनोज को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंदिरानगर के मोहम्मदपुर निवासी मनोज प्लंबर का काम करता था। परिवार में पत्नी गायत्री और तीन बच्चे है। रिश्तेदार ने बताया कि मनोज बाइक से मंगलवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से लौटते वक्त रात करीब 11 बजे रसूलपुर प्रेस के पास ई-रिक्शा से टकरा गए। हदासे के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। घायल मनोज को देखकर राहगीरों की भीड़ जुट गई। पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को लेहिया अस्पताल लेकर गई। वहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने मनोज का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंदिरानगर इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक परिजन ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएंगी।

# संदिग्ध परिस्थिति में बीफार्मा छात्र की मौत, कमरे में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा इलाके में स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के बीफार्मा छात्र उमर मलिक (20) की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव यूनिवर्सिटी के पास स्थित पीजी के कमरे में बुधवार सुबह मिला। दोस्तों ने जब कमरे का दरवाजा तोड़ा तो उमर बेड पर औंधे मुंह पड़ा था। उसके मुंह से झाग और नाक से खून निकल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मूल रूप से बस्ती निवासी उमर मलिक इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा था और यूनिवर्सिटी के पास एक पीजी में किराए पर रहता था। उसके रूम पार्टनर मोहम्मद हबीस ने बताया कि मंगलवार शाम करीब चार बजे उमर होटल में चाय पीने गया था। इसके बाद वह कमरे में आ गया। रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया।

बुधवार सुबह उमर के परिजनों ने उसे फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर परिजनों ने रूम पार्टनर हबीस को फोन कर उमर से बात कराने को कहा। जब हबीस उमर के कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ दिया गया। अंदर जाकर देखा तो उमर बेड पर औंधे मुंह पड़ा था। उसे तत्काल इंटीग्रल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उमर की मौत की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांवड़ियों की टोली को बेकाबू कार ने कुचला, पांच गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कन्नौज से 40 लोगों का समूह बिठूर से गंगा जल लेकर जा रहे थे महादेवा मंदिर
- सभी घायल लोहिया अस्पताल में भर्ती, बीबीडी के तिवारीगंज की घटना

**अमृत विचार:** अयोध्या रोड स्थित तिवारीगंज में मंगलवार देर रात करीब दो बजे कानपुर के बिठूर गंगा घाट से जल भरकर बाराबंकी स्थित महादेवा मंदिर जा रहे कांवड़ियों के समूह को बेकाबू कार ने कुचल दिया। हादसे में पांच कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची बीबीडी पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

सुमेरपुर ठठिया कन्नौज निवासी कांवड़िया अवधेश कुमार ने बताया कि वे और उनके गांव के करीब 40 कांवड़िया कानपुर के बिठूर गंगा घाट से जल भरकर पैदल बाराबंकी स्थित महादेवा मंदिर जा रहे थे। मंगलवार रात को खाना पीना कर कुछ देर आराम करने के बाद सभी लोग देर रात फिर निकले। करीब दो बजे कांवड़िया अपनी यात्रा पर अयोध्या रोड स्थित तिवारीगंज पहुंचे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही बेकाबू कार ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां चींखपुकार मच गयी।

हादसे में पांच लोग गंभीर घायल हो गए, जबकि अन्य लोगो को भी चोटें आयी। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही बीबीडी पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों में ओमजी, धीरेन्द्र, अनुराग, अनूप और देवेंद्र हैं। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### पॉलिटेक्निक छात्र ने की आत्महत्या

- अमृत विचार, लखनऊ: जानकीपुरम इलाके में बुधवार को पॉलिटेक्निक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मूल रूप से कानपुर के घाटमपुर निवासी आदित्य सिंह (22) कानपुर पॉलिटेक्निक में कोचिंग कर रहा था। दो दिन पहले वह लखनऊ आया था और अपने मामा के लड़के शिवम के यहां ठहरा हुआ था। शिवम लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस के पास रहता है। बताया जा रहा है कि आदित्य मंगलवार रात भर जागता रहा। बुधवार सुबह छत पर लगे टीन शेड में नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका मिला। परिवार में किसान पिता चतुर्थ सिंह, मां रेखा और भाई अमित सिंह हैं।



# किशोर का शव रखकर सड़क की जाम, तीन घंटे चला हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा के काशीराम कॉलोनी स्थित 19 मंजिला भवन के पास मंगलवार को सिलेंडर से लदे पिकअप के रौंदने से साइकिल सवार सूरज (16) की मौत के मामले में बुधवार को परिजन का गुस्सा फूट गया। दोपहर करीब तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद उन्होंने शव रखकर सड़क जाम कर दी। परिजन व स्थानीय लोगों ने मुआवजे और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मांगे पूरी न होने तक शव के अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया।

बवाल की सूचना पर पारा इंस्पेक्टर सुरेश कुमार सिंह, काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारवालों को शांत कराने का प्रयास किया पर वह नहीं माने। नायब तहसीलदार आस्था पांडेय ने समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। मांगे पूरी कराने का आश्वासन दिया। इस पर घरवाले लिखित में मांगने लगे। इस बीच कांग्रेस नेता रुद्र दमन सिंह, मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी के प्रतिनिधि पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने भरोसा दिलाया। करीब तीन घंटे बाद परिजन शांत हुए।

### घायल एसएसएफ दीवान ने दम तोड़ा

- अमृत विचार, सरोजनीनगर: थाना क्षेत्र में करीब तीन हफ्ते पूर्व सड़क हादसे में घायल एसएसएफ दीवान की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से उन्नाव स्थित इंदिरानगर के रहने वाले सर्वेश शर्मा (38) आलमबाग क्षेत्र में रहकर सरोजनीनगर 32वीं वाहिनी पीएसी स्थित एसएसएफ पुलिस ऑफिस में दीवान थे।

# निकाह से इनकार पर हिंदू छात्रा को किया अगवा, धर्म परिवर्तन की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मां की तहरीर पर आरोपी व उसकी दो बहनों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** मड़ियांव इलाके में निकाह से इनकार करने पर नाबालिग छात्रा को दूसरे धर्म के युवक ने अगवा कर लिया। आरोपी ने अपनी बहनों के साथ घर आकर नाबालिग के माता-पिता से मारपीट कर जबरन धर्म परिवर्तन कराकर शादी की धमकी दी थी। इसके बाद आरोपी ब्रेनवॉश कर छात्रा को लेकर फरार हो गया। मड़ियांव पुलिस ने अपहृत की मां की तहरीर पर आरोपी और उसकी दो बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरिओमनगर की महिला ने बताया कि उनकी बेटी 16 वर्षीय निजी स्कूल की छात्रा है। मोहल्ले में रहने वाला आमान खान काफी समय से बेटी को परेशान कर रहा था। वह बेटी पर निकाह और धर्मांतरण का दबाव बनाता था। कई बार समझाने के बाद भी उस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। आरोप है कि रोजाना की तरह 9 फरवरी को बेटी स्कूल गयी थी। तभी मोहल्ले में रहने वाले अमान खान ने उनकी बेटी को स्कूल के बाद से शादी के इरादे से अगवा कर लिया।

वापस न लौटने पर परिवारवालों ने खोजबीन की लेकिन छात्रा का कुछ पता नहीं चला। परिजन ने उसकी सहेलियों से पूछा लेकिन वे भी कुछ बता नहीं सकी। पीड़ित मां ने बताया कि 4 फरवरी को अमान खान और उसकी बहनें अमरीन और साहिबा ने मोहल्लेवालों के सामने उसकी बेटी की जबरन शादी कराने को लेकर परिवार के साथ मारपीट की थी। इस दौरान जातिसूचक गालियां दी गईं और जानमाल की धमकियां भी दीं।

पीड़िता का कहना है कि अमान खान ने धमकी दी थी कि अगर बेटी की शादी उससे नहीं कराई तो उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी कर लेगा। उसके बाद से आरोपी परेशान कर रहा था। पीड़िता ने मड़ियांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। नाबालिग छात्रा की तलाश में टीमें लगायी गयी हैं। जल्द ही छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अश्लील वीडियो बना स्पा सेंटर में कराया काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राहुल बन मोहम्मद कमरू ने की दोस्ती, बात न मानने पर वीडियो वायरल की धमकी
- हिंदू महासभा प्रवक्ता व अन्य संग गोमतीनगर थाने पहुंची पीड़िता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही युवती से मोहम्मद कमरू जमाल ने राहुल बनकर दोस्ती की। फिर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने कमरे पर बुलाया और धोखे से बीयर पिलाई। इसके बाद अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर स्पा सेंटर में जबरन काम कराया। मंगलवार को पीड़िता हिंदू महासभा के प्रवक्ता व अन्य के साथ गोमतीनगर थाने पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

मूल रूप से अमेठी जनपद निवासी 28 वर्षीय युवती ने बताया कि वर्ष 2024 में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी करने लखनऊ आयी थी। तैयारी के साथ ही वह नौकरी की तलाश में थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात राहुल और कमर हयात इदरीसी से हुई। राहुल का वास्तविक नाम मोहम्मद कमरू जमाल है। राहुल ने उसे पार्ट टाइम जॉब दिलायी। इस दौरान उसकी राहुल से नजदीकियां हो गई। राहुल आए दिन झांसा देकर उसे अपने कमरे पर बुलाने लगा।

आरोप है कि राहुल ने धोखे से उसे बीयर पिला दी। नशे में होने पर राहुल ने मोबाइल पर अश्लील वीडियो बना लिया। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने स्पा सेंटर में काम करने का दबाव बनाया। बदनामी से बचने के लिए पीड़िता शांत हो गयी। इसके बाद उसे कुछ दिन फैजाबाद स्थित स्पा सेंटर और फिर बाद में चिनहट के स्पा सेंटर में काम करवाया गया। पीड़िता ने बताया कि एक दिन उसे राहुल ने घुमाने की बात कहकर बुलाया।

मौका देख पीड़िता ने वहां रखा आधार कार्ड देखा तो होश उड़ गए। जिसे वह राहुल समझ रही थी वह मोहम्मद कमरू जमाल है। मौका देख पीड़िता वहां से भाग निकली। थाने पर सुनवाई नहीं होने पर पीड़िता ने अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी से की। शिशिर चतुर्वेदी कुछ अन्य पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ पीड़िता व एक अन्य युवती के साथ गोमतीनगर थाने पहुंचे।

इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर राहुल उर्फ मोहम्मद कमरू जमाल और कमर हयात इदरीसी के खिलाफ अश्लील हरकत, निजी पलों को रिकार्ड करना, धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

### ब्राउन गर्ल कैफे का संचालक है कमर

- पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गोमतीनगर स्थित ब्राउन गर्ल कैफे का संचालक कमर हयात है। वही, लड़कियों की सप्लाई स्पा सेंटरों में करता है। लखनऊ में कई स्पा सेंटर उसके चलते हैं। दूसरे जिलों में भी उसके सेंटर हैं, जहां लड़कियां भेजी जाती है। पीड़िता का कहना है कि स्पा सेंटर की आड़ में हिंदू लड़कियों को इस दलदल में ढकेला जा रहा है है। युवती ने पुलिस को कई अन्य लोगों के भी नाम बताए हैं। पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है।

**अपराध** — कब्जे में आनाकानी देख पीड़ितों ने की पड़ताल तो खुला फर्जीवाड़ा

# हाईवे पर जमीन दिखा दो सैन्यकर्मियों से लाखों ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वाराणसी व प्रतापगढ़ के दो सैन्यकर्मी हुए शिकार, निगोहां थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** लखनऊ-रायबरेली मुख्य मार्ग पर जमीन दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने दो सैन्यकर्मियों से लाखों रुपये ठग लिए। आरोपी ने मुख्य मार्ग के पास की जमीन दिखाकर सौदा तय कराया, लेकिन रुपये लेने के बाद दोनों को लगभग डेढ़ किलोमीटर अंदर स्थित दूसरे प्लॉट का बैनामा करा दिया। कब्जा न मिलने पर जब पीड़ितों ने जांच की तो पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर निगोहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दो रिपोर्ट दर्ज की हैं।

मूल रूप से वाराणसी निवासी सैन्यकर्मी राजन पाल दिल्ली में तैनात हैं। वह लखनऊ में प्लॉट खरीदना चाहते थे। वर्ष 2024 में उनका संपर्क निगोहां के ग्राम दखिनाशेखपुर निवासी विकास तिवारी से हुआ। आरोपी ने उन्हें लखनऊ-रायबरेली मुख्य मार्ग के बगल की जमीन दिखाई। पसंद आने पर 1640 वर्गफीट प्लॉट का सौदा तय हुआ, जिसकी रजिस्ट्री 13 जुलाई 2024 को कराई गई। रजिस्ट्री में पूरब की ओर 55 फीट और दक्षिण की ओर 40 फीट रास्ता दर्शाया गया था।





कब्जा मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगा। संदेह होने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो पता चला कि जिस प्लॉट का बैनामा किया गया है, वह मुख्य मार्ग से काफी अंदर है और वहां पगडंडी के अलावा कोई रास्ता नहीं है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने धमकी देना शुरू कर दिया और फर्जी मुकदमे में फंसाकर नौकरी खाने की चेतावनी दी।

इसी तरह प्रतापगढ़ निवासी आलोक प्रताप पटेल, जो मुख्यालय मुख्य अभियंता मध्य कमान लखनऊ में हवलदार हैं, ने बताया कि 30 जून 2023 को उन्होंने भी विकास तिवारी से 1200 वर्गफीट प्लॉट की रजिस्ट्री कराई थी। उन्हें भी मुख्य मार्ग के पास की जमीन दिखाकर अंदर की जमीन का बैनामा कराया गया। दोनों सैन्यकर्मियों की शिकायत पर निगोहां पुलिस ने धोखाधड़ी और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निवेश के नाम पर व्यापारी से ऐंठे 13.52 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई क्षेत्र के चरण भट्टा रोड स्थित इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी देवेश कुमार मिश्रा के अनुसार 6 जनवरी को उनका नंबर एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में खुद को एफआईआई स्टॉक मार्केट और आईपीओ से जुड़ा निदेशक बताने वाले अनिल गोयल व ओमनी सलमा निवेश के लिए उकसाते रहे। आरोपियों ने अधिक मुनाफे का भरोसा दिलाकर एप डाउनलोड कराया और डीमेट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद 24 जनवरी तक कई किश्तों में 13.52 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। अकाउंट में मुनाफा दिखने पर पीड़ित ने निकासी की कोशिश की तो दो लाख टैक्स मांगा गया था।

# किराना की दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यहियागंज में मंगलवार देर रात मुजम्मिल की किराना की दुकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

टेढ़ी बाजार रकाबगंज निवासी मुजम्मिल की यहियागंज में किराना की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार रात करीब 9:00 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात पड़ोसियों ने उन्हें दुकान आग लगने की जानकारी दी। आग लगने की सूचना पर वह दुकान पहुंचे। वहां देखा कि पड़ोसी और दमकल कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। पड़ोसियों ने बताया कि रात करीब 11:45 बजे के आसपास मुजम्मिल की दुकान से धुआं निकलते देखा गया। जब तक लोग कुछ समझ पाए आज ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बेकाबू हो गई। इस बीच पुलिस व फायर कंट्रोल रूम पर आग लगने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची फायर स्टेशन चौक की एक गाड़ी में राहत कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## व्यापारियों ने बजट को सराहा



- ये बजट व्यापारियों एवं लघु उद्योगों को नई दिशा देने वाला है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर की योजनाओं के लिए भारी भरकम राशि का आवंटन हुआ है। इससे लगभग कई करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग की योजनाओं के लिए भी व्यवस्था की गई है। प्रदेश को गारमेंट हब बनाने, पीएम- मित्र पार्क योजना विश्वस्तरीय मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना भी आकर्षक है।

  **-बनवारी लाल कंछल**, प्रांतीय अध्यक्ष, उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



- प्रदेश के विकास का रोडमैप इस बजट में दिख रहा है। सूबे में उद्योगों और रोजगार को बढ़ाने वाला यह बजट है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर को छुआ गया है। नए उद्योगों के सृजन का रास्ता साफ होगा। प्रदेश में नौकरियां आएंगी। व्यापार समृद्ध होगा। स्वागत योग्य बजट है।

  **-राजेंद्र अग्रवाल**, चेयरमैन, लखनऊ व्यापार मंडल



- योगी सरकार का यह बजट यूपी की विकास को रफ़्तार देने वाला है। रोजगार, नौकरी से जुड़े हर पहलू को सरकार ने बजट के माध्यम से छुआ है। आज प्रदेश को देश की तीसरी सबसे तेज अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मुख्यमंत्री की दूर दृष्टि का प्रभाव विकास के रूप में दिख रहा है। सरकार का बजट विकासोन्मुखी है। मध्यम, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग और ग्रामोद्योग सेक्टर से लाभ होगा।

  **-अमरनाथ मिश्र**, अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल



- प्रदेश सरकार का बजट आधारभूत ढांचे को मजबूत करने वाला है। योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट प्रदेश के समग्र विकास और को दूरदर्शी विजन को दर्शाता है। सरकार ने इसमें नगरीय क्षेत्रों में मेट्रो विस्तार, नए हवाई अड्डों के निर्माण तथा हाई स्पीड हाइवे के विकास पर विशेष जोर दिया है। जिससे प्रदेश का आधारभूत ढांचा और अधिक सशक्त होगा।

  **-मुकुंद मिश्रा**, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल



- बजट का स्वागत है। हर सेक्टर की ओर सरकार का ध्यान गया है। एजुकेशन, कृषि, आर्थिक उन्नति पर विशेष ध्यान दिया गया है। नए रोजगार सृजन का भी विशेष ध्यान रखते हुए कौशल विकास पर जोर दिया गया है। प्रदेश को आगे ले जाने वाला बजट है।

  **-प्रभू जालान**, उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल



- योगी सरकार का सबसे बड़ा बजट जिसमें लॉ एंड ऑर्डर में सख्त कदम उठते हुए दिख रहे हैं। साइबर कानून को मजबूत किया गया है। साथ ही उद्योग व्यापार एमएसएमई व प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के लिए बहुत कुछ है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों व शहरी विकास, हथकरघा वस्त्र उद्योग, पावरलूम बुनकरों का ख्याल भी सरकार ने रखा है।

  **-अशोक मोतियानी**, अध्यक्ष, उप्र. कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



- बजट जनोपयोगी, रोजगार परक और कारोबार को आगे ले जाने वाला है। सरकार ने तत्काल से हटकर अपनी दूरदर्शी सोच को दर्शाया है। सर्राफा इंडस्ट्री को ज्वेलरी पार्क का इंतजार है। इसके प्रदेश में बनने से सर्राफा कारोबारियों को एक बिजनेस हब और एक छत मिलेगी जो सर्राफा कारोबार को आगे ले जाएगी। बजट दूरगामी परिणाम देने वाला है।

  **अनुराग रस्तोगी**, नार्थ इंडिया हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा



- सबसे बड़ा बजट है। सभी वर्गों को जोड़ने वाला है। इसमें युवाओं, किसानों और उद्योग जगत को विशेष रूप से फोकस किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, उद्योग, एमएसएमई लघु और मध्यम उद्योगों की ओर सरकार की नजर गई है। बजट में प्राविधान किया गया है। इससे कारोबार फलेगा-फूलेगा।

  **-संदीप बंसल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष अभा, उद्योग व्यापार मंडल



- वित्त मंत्री ने सभी सेक्टर को छूने की कोशिश की है। इस बजट के माध्यम से प्रदेश का चौमुखी विकास होगा। व्यापारियों एवं उद्योगों को भी लाभ पहुंचेगा। धार्मिक पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया है। इससे प्रदेश के कई जिलों के व्यापारियों को सीधा लाभ होगा तथा लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी।

  **-संजय गुप्ता**, प्रदेश अध्यक्ष आदर्श व्यापार मंडल



- यह बजट अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला है। प्रदेश सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में मेट्रो, हवाई अड्डों एवं हाई स्पीड हाईवे के विकास पर विशेष जोर देते हुए युवाओं के रोजगार सृजन, स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन, महिलाओं के स्वरोजगार तथा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई है। जिससे अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

  **-योगेन्द्र सिंह**, प्रदेश युवा महामंत्री, उप्र.उद्योग व्यापार मंडल



- बजट में एक जनपद एक उत्पाद, ओवर ब्रिज एवं बाजारों के सौंदयीकरण के लिए प्रावधान किया गया है। एमएसएमई को बढ़ाने की ओर सरकार ने पहल की है। साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए भी प्रावधान किया गया है। लेकिन ई-कॉमर्स की मनमानी पर ध्यान नहीं दिया गया है।

  **-सुरेश छाबलानी**, महानगर अध्यक्ष अभा. उद्योग व्यापार मंडल



- सरकार का यह विकास की ओर प्रदेश को ले जाने वाला है। बजट में तात्कालिक लाभ तो नहीं लेकिन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को टॉनिक देने वाला है। रोजगार, लघु एवं मध्यम उद्यमों और एमएसएमई सेक्टर को बजटीय प्राविधान सरकार की दूर की सोच दर्शाने वाला है।

  **-भारतभूषण गुप्ता**, अध्यक्ष दाल एवं मिलर्स एसोसिएशन

## अधिवक्ता बोले- बजट अच्छा



- प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9.12 लाख करोड़ से अधिक का बजट पेश किया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 12 से 13 प्रतिशत अधिक है। देश के सबसे बड़े राज्य का बजट है। आर्थिक विकास, रोजगार और संरचनात्मक विकास पर जो दिया गया है।

  **-अनिल कुमार पांडेय**, वरिष्ठ अधिवक्ता व आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों के विधि विशेषज्ञ



- सरकार ने एक स्वस्थ, संतुलित और प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रख कर यह बजट प्रस्तुत किया है। इसका दूरगामी परिणाम होगा। आर्थिक विकास, रोजगार और संरचनात्मक विकास पर जो दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं, युवाओं और किसानों के कल्याण के लिए नई योजनाओं तथा कौशल विकास, रोजगार सृजन का विशेष ध्यान दिया गया है।

  **-देवेंद्र कुमार राय**, वरिष्ठ अधिवक्ता, लखनऊ



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में दस्तक यूथ फेस्टिवल में बनाए गए पोस्टरों के साथ युवक और युवतियां। अमृत विचार

# पोस्टर में बहीं नदियां, दिखा स्मारकों का वैभव

## दस्तक यूथ फेस्टिवल, दूसरे दिन युवाओं ने की फेस पेंटिंग, बनाए कार्टून, किया नुक्कड़ नाटक



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में चल रहे दस्तक यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन युवाओं की रचनात्मकता देखने को मिली। ऑन स्पॉट पोस्टर और कोलाज निर्माण, फेस पेंटिंग, कार्टून निर्माण के साथ ही युवाओं ने समूह गायन, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक और स्टैंड अप कामेडी की शानदार प्रस्तुति दी। पोस्टर और कोलाज के जरिये प्रदेश की नदियों, स्मारकों और वाइल्ड लाइफ को दर्शाया गया। इस महोत्सव में हुए समूह नृत्य से जहां मंच को रंग और लय से सजाया गया वहीं उत्तर प्रदेश की लोक प्रम्राओं को कोरियोग्राफी के साथ रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्टून और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में व्यंग्य को सामाजिक जागरूकता के साथ मिलाया गया। जिसमें प्रदूषण और अनियंत्रित विकास पर बात की गई।

**● फेस्टिवल में ओपन आर्ट गैलरी सा दिखा बौद्ध संस्थान**

फेस पेंटिंग में प्रतिभागियों ने अपने चेहरों को एक्सप्रेसिव कैनवस की तरह से इस्तमाल किया। चेहरों पर नदी संरक्षण, सांस्कृतिक सद्भाव जैसे विषय नजर आये। इस प्रतियोगिता की निर्णायक सफीना खान और पूनम ठाकुर थीं।

जंगल और वाइल्ड लाइफ संरक्षण जैसे मुद्दे यहां हुए नुक्कड़ नाटक में नजर आये। नुक्कड़ नाटक को दर्शकों ने सराहा, संयोजक वीना राना ने निर्णायक अदिति उमराव और रवि को धन्यवाद देते हुए इकोलाजिकल बैलेंस बनाये रखने के महत्व पर बात की। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा ने उदयवीर सिंह यादव और जिया खान द्वारा अभिनीत नाटक धत्त तेरे की का मंचन किया।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में दस्तक यूथ फेस्टिवल में राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नृत्य करते युवा। अमृत विचार

# उभरते नर्तकों को असीम बंधु ने सिखाई कथक की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम सभागार में चल रही कथक नृत्य की मास्टर क्लास में बुधवार को पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य ने ऋतु बसंत के भाव की प्रस्तुति का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया तथा शुद्ध नृत्य के अंतर्गत आमद, टुकड़े एवं चक्करों के अभ्यास कराया। उन्होंने कथक की सूक्ष्म बारीकियों को व्यावहारिक रूप से स्पष्ट किया,

इसके पहले वरिष्ठ गुरु पंडित राम मोहन महाराज, विशेषज्ञ के रूप में मौजूद पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य, कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष (नृत्य) ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, सहायक आचार्य (कथक नृत्य) डॉ. मंजुला पंत और डॉ. रूचि खरे ने क्लास की शुरुआत कराई। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि कथक केवल एक नृत्य शैली नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना, सौंदर्यबोध और आध्यात्मिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को परंपरा से जुड़ने के साथ-साथ उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है। कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध उन्मुख दृष्टि और सांस्कृतिक संवेदनशीलता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



उभरते कलाकारों को कथक नृत्य की बारीकियां बताते पंडित असीम बंधु भट्टाचार्य।

**कथक की मास्टर क्लास**

# पॉलीथिन और गंदगी पर वसूला जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : नगर निगम ने बुधवार को जोन 3 और 7 में गंदगी, अतिक्रमण और प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाकर कुल 66,300 रुपये जुर्माना जमा कराया। जोन 3 में जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में जानकीपुरम सेक्टर-जे एवं चांदगंज क्रॉसिंग से एफआई. प्लाजा तक चलाये गए अभियान में गंदगी फैलाने पर 11 चालान के माध्यम से 8100 रुपये जुर्माना वसूला। पॉलीथिन पाये जाने पर 6 चालान करके 20,500 रुपये अर्थदंड लगाया। जोन 7 में जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत राय के नेतृत्व में जांच की गई।

## शौचालयों की नियमित हो सफाई : नगर आयुक्त

- **अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के बदहाल शौचालयों पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई के साथ मरम्मत कराई जाए। स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, समस्त जोनल अधिकारी व जोनल सेनेटरी अधिकारी और संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में सुधार के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। उन्होंने पर्यावरण अभियंता को निर्देश दिए कि फील्ड पर वेंडर्स की समस्याओं का समाधान करें।

## मील का पत्थर साबित होगा यह बजट : सुमित



- कपड़ा व्यापारी सुमित कनौडिया ने कहा कि यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है, जो प्रदेश में विकास की रफ्तार को और तेज करेगा। बजट में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए ठोस प्रावधान हैं। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप और रोजगार से जोड़ने पर विशेष फोकस है। यह बजट व्यापारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

## वन टाइम रोड टैक्स का जताया विरोध

- **अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग की ओर से 30 जनवरी को टैक्सी वाहनों पर वन टाइम रोड टैक्स लागू करने संबंधी जारी अधिसूचना के विरोध में ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले विरोध दर्ज कराया गया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रवि आनन्द ने कहा कि अधिसूचना से पूर्व पंजीकृत टैक्सी व अन्य व्यावसायिक वाहनों पर पूर्व से लागू त्रैमासिक एवं वार्षिक कर व्यवस्था को यथावत जारी रखा जाए। उन्होंने तर्क दिया कि एक टैक्सी वाहन की औसत आयु मात्र 5 से 6 वर्ष होती है, जबकि सरकार 15 वर्षों का वन टाइम टैक्स एकमुश्त ले रही है, जो अव्यवहारिक और अन्यायपूर्ण है। टैक्सी वाहनों को सामान्यत: 5 वर्ष का परमिट दिया जाता है, ऐसे में टैक्स भी परमिट अवधि के अनुरूप ही लिया जाना चाहिए। एसोसिएशन का कहना है कि भारी एकमुश्त टैक्स जमा करना छोटे और मध्यम व्यापारियों की क्षमता से बाहर है, जिससे वे कर्ज में डूब सकते हैं और हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। सरकार से अधिसूचना पर पुनर्विचार की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## निर्भीक को मिलेगा पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा सम्मान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अमृत विचार,लखनऊ : पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान शिवरात्रि पर 15 फरवरी को शिव पार्क, शिव नगर, खदरा में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करेगा। इसमें अंबेडकरनगर के कवि अभय सिंह निर्भीक को पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा सम्मान-2026 भी दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया कि व्यंग्यकार डॉ. सर्वेश अस्थाना के संचालन में होने वाले इस कवि सम्मेलन में मनवीर मधुर, पार्थ नवीन, रूचि दूबे और सान्या राय कविताएं प्रस्तुत करेंगे।

**फैसला** पर्यटन और कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा

# चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने वाला अहम निर्णय लिया गया।

कैबिनेट ने 4 लेन (6 लेन विस्तारणीय) प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड चित्रकूट लिं एक्सप्रसवे परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के पूरा होने से जनपद चित्रकूट में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## 15.172 किमी लंबा होगा एक्सप्रेसवे

- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे जनपद चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 135-बीजी पर ग्राम अहमदगंज तक बनाया जाएगा। परियोजना की कुल लंबाई 15.172 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 513.97 करोड़ रुपये की लागत तय की गई है। निर्माण कार्य की निगरानी और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को सौंपी गई है, जिसे नोडल एजेंसी नामित किया गया है।

## पर्यटन को मिलेगा नया आधार

- धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चित्रकूट क्षेत्र लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी की मांग करता रहा है। लिंक एक्सप्रेसवे बनने से न केवल सड़क संपर्क सुधरेगा, बल्कि तीर्थाटन, होटल उद्योग और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। प्रदेश सरकार का मानना है कि यह परियोजना 'विकसित उत्तर प्रदेश' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## ईपीसी मोड पर होगा निर्माण

- कैबिनेट ने परियोजना के ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) पद्धति पर क्रियान्वयन के लिए तैयार किए गए अंतिम आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) दस्तावेज को स्वीकृति प्रदान की। अब निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

## सिटी डायरी



दीनदयाल स्मृतिका वाटिका में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

### पं. दीनदयाल को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार,लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अन्य नेताओं ने चारबाग स्थित दीनदयाल स्मृतिका वाटिका में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल का एकात्म मानववाद का सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साकार किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद डॉ. महेंद्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया सहित पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



शिव भजन संध्या में थिरकतीं अवध लेडीज क्लब की सदस्य।

### शिव भजन संध्या में थिरकीं अवध लेडीज कलब की सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवध लेडीज क्लब ने शिवरात्रि से पूर्व शिव भजन संध्या का आयोजन किया। शुरुआत करते हुए ज्योति कौल ने दिवंगत महिला सदस्यों के योगदान को याद किया। डॉ. सरोजनी के संचालन में में इंदु सारस्वत, रमा गुप्ता, अंजली सिह, अरुणा उपाध्याय, वीना सक्सेना,मधु श्रीवास्तव, रेखा मित्तल, रोली अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रानी नारायण, कविता सिंह, मृदुला, विमल पंत ने भजन प्रस्तुत किए। प्रतिमा बाजपेई, रीना सिंह, गीता खन्ना, रेखा अग्रवाल और ज्योति कौल की मौजूद रहीं।



भवन सील कराते एलडीए अधिकारी व अन्य।

### आवासीय भूखंड में छह कार वर्कशॉप ध्वस्त किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए ने गोमती नगर विस्तार अंतर्गत आवासीय भूखंडों पर संचालित अवैध छह कार वर्कशॉप बुधवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिए। प्रवर्तन जोन-1 में गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1, 4 व 6 में दिनेश सिंह सचान, अवधेश कुमार, भूपेन्द्र सिंह, केएल गुप्ता, मेसर्स ऋषि मोटर्स, आदित्य सिंह व अन्य के आवासीय भूखंडों पर संचालित छह अवैध कार वर्कशॉप ध्वस्त किएगए। प्रवर्तन जोन-7 में मोहम्मद अकरम व अन्य द्वारा चौक में गोल दरवाजा के पास लगभग 50 वर्गमीटर के भूखंड पर व्यावसायिक भवन, मोहम्मद इबाद मेहंदी व अन्य द्वारा वजीरगंज के राजाबाजार में 70 वर्गमीटर के भूखंड पर बहुमंजिला भवन सील किया गया।



एमओयू के साथ कुलपति और बैंक के पदाधिकारी।

### केजीएमयू व यूनियन बैंक में एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद के नेतृत्व में यूनियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे विवि के संकाय सदस्यों, नियमित कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों को नि:शुल्क टर्म इंश्योरेंस और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कर्मचारी नेता अनिल कुमार ने उपलब्धि पर कुलपति का आभार जताया है।

# ओडिशा लगातार दूसरी बार बना चैंपियन

## 36वें करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सबजूनियर (अंडर-14) हॉकी टूर्नामेंट यूपी करम को 2-0 से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेजबान यूपी करम को एक बार फिर उसके ही घर में शिकस्त देते हुए नवल टाटा ग्रासरूट ओडिशा (ओएनटी) ने 36वें करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सबजूनियर (बालक अंडर-14) ईनामी हॉकी टूर्नामेंट का खिताब लगातार दूसरी बार अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में ओडिशा ने यूपी करम को 2-0 से हराया। विजेता ओडिशा टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता यूपी करम को डेढ़ लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

विजयंत खंड मिनी स्टेडियम स्थित पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेले गए फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि कमर ग्रुप ऑफ कंपनीज की सीएचआरओ कविता निगम ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पांच बार के विधायक आलमबदी (निजामाबाद, आजमगढ़), ओलंपियन सैयद अली, सुजीत कुमार, साई की पूर्व निदेशक रचना गोविल, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजु बिष्ट, इमरानुल हक, राजेश टंडन, इनायत उल्लाह, धीरेंद्र सिंह, खुर्शीद, मनोज, गुरुतोष पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में आमने-सामने आई ओडिशा और यूपी करम की टीमों के बीच मुकाबला कड़ा रहा। पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करने वाली यूपी करम की टीम फाइनल के दबाव में अपेक्षित खेल नहीं दिखा सकी। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने आक्रामक रुख अपनाया और 21वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अभिषेक सोरेंग (जर्सी नंबर 11) ने शानदार गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

तीसरे क्वार्टर में यूपी करम ने बराबरी के लिए भरपूर प्रयास किए, लेकिन ओडिशा के मजबूत डिफेंस के सामने उनकी एक न चली। 39वें मिनट में एक बार फिर अभिषेक सोरेंग ने पेनल्टी कॉर्नर पर सटीक प्रहार कर अपना और टीम का दूसरा गोल दाग दिया। चौथे क्वार्टर में भी यूपी करम कोई गोल नहीं कर सकी और मुकाबला 2-0 से ओडिशा के नाम रहा।



ट्राफी के साथ विजेता टीम नवल टाटा ग्रासरूट ओडिशा के खिलाड़ी। अमृत विचार

### राउंड ग्लास को तीसरा स्थान

- तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में राउंड ग्लास हॉकी एकेडमी ने पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली को 3-1 से हराया। राउंड ग्लास को एक लाख रुपये तथा पंजाब टीम को 50 हजार रुपये की ईनामी राशि प्रदान की गई।

### इन खिलाड़ियों को भी किया गया सम्मानित

- किशोरी लाल शाह की स्मृति में सभी को दो-दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।
- बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट – उज्जवल (यूपी)
- बेस्ट गोलकीपर – प्रिंसपल सिंह (राउंड ग्लास)
- बेस्ट हाफ – सुलेमान (राउंड ग्लास)
- बेस्ट फुलबैक – अभिषेक (ओडिशा)

# लेड स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतराः डॉ. वेंकटेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिक्षक और अभिभावकों में जागरूकता जरूरी

**अमृत विचार :** मासूम बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए लेड (सीसा) गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है। यह खून की कमी, पेट में दर्द और गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस बारे में जागरूकता फैलाना बेहद आवश्यक है। स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे बच्चों और अभिभावकों को लेड के खतरों से अवगत करा सकें और इसके प्रभावों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

यह बात बेंगलुरु के सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज के एमिरेट्स प्रो. डॉ. थुप्पिल वेंकटेश ने कही। वे बुधवार को एरा विश्वविद्यालय के सभागार में बायोकेमिस्ट्री विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय लेडकॉन 2026 कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

डॉ. थुप्पिल ने प्रोजेक्ट 7097 का जिक्र करते हुए बताया कि देश के 7097 जिलों में अस्पताल हैं, जहां थोड़ी सी जगह में दो कर्मचारी बायो मॉनिटरिंग कर लेड संबंधी जानकारी एकत्रित कर सकते हैं। जानकारी मिलने पर उपचार और समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लेड समेत 10 खतरनाक पेस्टीसाइड्स की पहचान की है, जिनमें आर्सेनिक और मरकुरी भी शामिल हैं।

डॉ. थुप्पिल ने बताया कि पेंसिल का रंग बच्चों में लेड का प्रमुख कारण बनता है। बच्चे अक्सर पेंसिल मुंह में रखते हैं, जिससे लेड सीधे शरीर में प्रवेश करता है। उन्होंने सुझाव दिया कि पेंसिल बिना रंग की हो सकती है, जिस पर बच्चे अपनी कला विकसित कर सकें।

बालों में लगाई जाने वाली हेयर डाई और महिलाओं के मेकअप में भी लेड की उच्च मात्रा पाई जाती है। डॉ. थुप्पिल ने कहा कि मेकअप की आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्राकृतिक सुंदरता पर्याप्त है, और इसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा बोतल वाले पानी में भी लेड पाया जा सकता है। इस अवसर पर दिल्ली के पाटलिपुत्र नर्सिंग होम के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेन्द्र चड्ढा, सर गंगाराम हॉस्पिटल की डॉ. अंजलि मनोचा, आईआईटीआर की वैज्ञानिक डॉ. नसरीन गाजी अंसारी और प्योर अर्थ की कंट्री डायरेक्टर डॉ. दीक्षा राधाकृष्णन ने भी अपने विचार साझा किए।

## सिटी ब्रीफ

### यूजीसी नियमों के समर्थन में पैदल मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक न्याय मोर्चा के बैनर तले यूजीसी नियमावली 2026 के समर्थन में बुधवार को पैदल मार्च निकाला गया। मार्च स्वास्थ्य भवन चौराहे से शुरू होकर परिवर्तन चौक तक पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यूजीसी नियम उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने मांग की कि सभी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था का पूर्ण और पारदर्शी पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वकील तथा बापसा छात्र संगठन के सदस्य शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण कोटा पूरी पारदर्शिता से लागू होना चाहिए, ताकि वंचित वर्गों को उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके।

### टीचर्स ओलम्पियाड में शिक्षिका अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की शिक्षिका नूपुर अग्रवाल ने स्टार नेशनल टीचर्स ओलम्पियाड में प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में नूपुर ने ऑल इण्डिया 5वीं रैंक अर्जित किया है। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि सामर्थ्य टीचर्स ट्रेनिंग एकेडमी ऑफ रिसर्च (एस.टी.टी.ए.आर.) के तत्वावधान में आयोजित इस ओलम्पियाड में देशभर के विद्यालयों के हजारों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें नूपुर ने सब्जेक्ट नॉलेज, शिक्षण पद्धति, स्टूडेन्ट इंगेजमेन्ट, लर्निंग इन्वार्यनमेन्ट आदि विभिन्न मानकों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के टॉप 10 शिक्षकों ने जगह बनाई है। इस उपलब्धि हेतु नूपुर को प्रशस्ति पत्र व अन्य आकर्षक उपहारों से सम्मानित किया गया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने शिक्षिका को बधाई दी है।

### केंद्र व्यवस्थापकों का कटा वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बुधवार को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में परीक्षा केंद्रों के सभी बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले केंद्र व्यवस्थापकों के एक दिन के वेतन को अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में नदारद रहने वालों में इण्डस्ट्रियल इंटर कॉलेज के विवेकानन्द मिश्रा, श्री दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज के आशुतोष पाण्डेय, नेशनल इंटर कॉलेज की प्रतिभा सिंह, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज, चिनहट की सुनीता, चुटकी भण्डार गर्ल्स इंटर कॉलेज की सुनीता तथा रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के डॉ. राघवेन्द्र सिंह शामिल हैं। इन सभी के एक दिन के वेतन को अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया गया है।

### एकात्म मानववाद सदैव प्रासंगिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर "समर्पण दिवस" का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु "पुस्तक समर्पण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' का दर्शन आज भी प्रासंगिक है। समाज कार्य विभाग एवं निदेशक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ प्रो. राकेश द्विवेदी ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए समर्पण दिवस की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शोध पीठ द्वारा बक्शी का तालाब विकास क्षेत्र के गोद लिए गए ग्राम भैंसामऊ, मिश्रीपुर, डिंगुरपुर, सोनवां और गाजीपुर में स्थित विद्यालयों में विद्यार्थियों के समेकित विकास हेतु "बुक रीडिंग कार्नर" स्थापित करने की पहल करना था।

### नेशनल पीजी में होगा टेकफेस्ट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में टेकफेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी से 14 फरवरी तक निर्धारित है। जिसमें प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के तकनीकी छात्रों को एक साथ लाकर नवाचार और सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। टेकफेस्ट में एक्सपो रेनैसां प्रदर्शनी, द लास्ट प्रोटोकॉल, ब्रांड ब्लिट्ज, आईटी क्विज, कोड-ए-थॉन, फ्यूचर फोर्ज, पिक्सेल परफेक्ट आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

# एनएसयूआई छात्रों ने कुलपति से मिलकर रखी मांगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कुलपति प्रो. जेपी सैनी से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं और ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा कि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में हाल के दिनों में हुई घटनाओं के तहत 27 जनवरी और 3 फरवरी को एनएसयूआई के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की गई, जो अन्यायपूर्ण है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक मूल्यों की बहाली की जानी चाहिए और विद्यार्थियों के साथ समान व निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

छात्रों ने मांग की कि हॉल बुकिंग की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और केवल विश्वविद्यालय में नामांकित (एनरॉल्ड) छात्रों से हॉल बुकिंग के नाम पर लिया जा रहा सुविधा शुल्क तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। साथ ही यह भी मांग उठाई गई कि किसी एक छात्र संगठन को विशेष सुविधा या प्रशासनिक संरक्षण देने तथा अन्य संगठनों को हॉल उपलब्ध न कराने की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। छात्रों ने अपील की कि परिसर में पुलिस बल का प्रयोग केवल विषम और हिंसक परिस्थितियों में ही किया जाए और सामान्य छात्र गतिविधियों के दौरान परिसर से गिरफ्तारी की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक प्रिंस प्रकाश, विशाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अहमद राजा, शुभम खरवार, अंकुश चौहान, हर्षित शुक्ला, गोपी, अमित सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. जेपी सैनी को ज्ञापन देते एनएसयूआई के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- छात्रों ने कहा कि हमारे साथ भेदभाव न किया जाए

### मूलभूत सुविधाओं की मांग दोहराई

- छात्रों ने विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वॉशरूम, पीने योग्य पानी और आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए। दिव्यांग छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीढ़ियों के साथ-साथ रैम्प की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई, ताकि उन्हें परिसर में आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

# शिक्षक संगठन ने दिया अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चयन वेतनमान 15 दिनों में देने की मांग
- अधिकारियों की लापरवाही से शिक्षकों में आक्रोश

**अमृत विचार:** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन ने चयन वेतनमान के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की मांग तेज कर दी है। संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर स्पष्ट कहा कि पात्र शिक्षकों को उनका वैधानिक लाभ अविलंब दिया जाए अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि चयन वेतनमान से जुड़े कई प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं जिससे शिक्षकों में गहरा असंतोष है। ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के बावजूद फाइलों का निस्तारण समय पर न होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल पा रहा है।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन ने 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में चयन वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया, तो धरना-प्रदर्शन सहित आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। संगठन ने उम्मीद जताई है कि विभाग सकारात्मक रुख अपनाते हुए शिक्षकों की न्यायोचित मांगों को पूरा करेगा, ताकि अनावश्यक टकराव की स्थिति न बने। वार्ता में जनपद अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, मलिहाबाद उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, कोषाध्यक्ष तेजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, गोसाईगंज से संदीप कुमार, मोहनलालगंज से संतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## अंग्रेजों ने अवध की शैक्षणिक विरासत को लूटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अरबी संस्कृति व भाषा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि अवध की गंगा जमुनी विरासत को अंग्रेजों ने लूटा और बरबाद किया। विश्वविद्यालय में ''अवध के अरबी एवं इस्लामी अध्ययन में ऐतिहासिक योगदान पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि यह संगोष्ठी अवध की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुई। अरबी विभाग भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखेगा।

अरबी विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद आलम ने बताया कि संगोष्ठी में 50 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इतिहासकार प्रो. अजीजुद्दीन तालिब ने अवध की शैक्षणिक राजधानी के गौरवपूर्ण अतीत का जिक्र करते हुए दुख व्यक्त किया, "अंग्रेजों ने अवध की शैक्षणिक राजधानी को लूटकर यहां से ले जाना सुनिश्चित किया।

## शकुंतला विवि के 25 छात्रों को मिली कामयाबी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न विभागों के पांच दिव्यांग समेत कुल 25 विद्यार्थियों ने नेट और जेआरएफ में सफलता प्राप्त की है। राजनीतिशास्त्र एवं लोकप्रशासन विभाग से सर्वाधिक 10 छात्रों को सफलता मिली है।

इनमें श्रृष्टी चौधरी, रिचा पाण्डेय (पीडब्ल्यूडी), राम अनुज (पीडब्ल्यूडी-एससी), दीपेश दिवाकर (एससी-दिव्यांग), अभिषेक कुमार रावत, पल्लवी रस्तोगी और सूर्यभान पाल शामिल हैं। वहीं रिंकू कुमार, अमन कुमार और सत्यम वर्मा ने नेट क्वालीफाई किया है। समाजकार्य विभाग से दो दिव्यांग छात्रों राहुल कुमार और राकेश यादव ने जेआरएफ परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। समाजशास्त्र विभाग से मानसी यादव ने नेट क्वालीफाई किया। अर्थशास्त्र विभाग से पारुल यादव, आयुषी दयाल और शिप्रा दीक्षित को सफलता मिली।

**आयोजन** | लविवि के भूविज्ञान विभाग में आयोजित हुआ स्मृति व्याख्यान

# भूवैज्ञानिक शैलों तक सीमित थे, तब गंगा के मैदान पर हुआ कार्य



लखनऊ विश्वविद्यालय के भू विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भूविज्ञान विशेषज्ञ व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में सुप्रसिद्ध भूवैज्ञानिक प्रो. आई.बी. सिंह की स्मृति में स्मृति व्याख्यान-2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्वाटरनरी अवसादों का भू-रासायनिक चरित्रणः अपक्षय, स्रोत तथा जलवायु-टेक्टोनिक अंतःक्रियाओं के निहितार्थ" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुपम शर्मा ने "क्वाटरनरी अवसादों का भू-रासायनिक चरित्रणः अपक्षय, स्रोत तथा जलवायु-टेक्टोनिक अंतःक्रियाओं के निहितार्थ" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह ने कहा कि प्रो. सिंह उन विरले भूवैज्ञानिकों में से थे जिन्होंने उस समय क्वाटरनरी अवसादों, गंगा मैदान तथा नदी प्रणालियों पर कार्य प्रारंभ किया, जब देश में अधिकांश भूवैज्ञानिक कठोर शैलों तक सीमित थे। उनके अनुसंधानों ने भू-आकृति विज्ञान, नदी अवसादन, नव-टेक्टोनिक्स, पुरा-जलवायु तथा पर्यावरणीय परिवर्तनों की समझ को नई दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर भूविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति-कुलपति प्रो. एम.पी. सिंह ने अपने सहपाठी प्रो. आई.बी. सिंह से जुड़ी स्मृतियाँ साझा करते हुए उनके शैक्षणिक एवं शोध योगदानों को स्मरण किया। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एन.के. पाण्डेय ने विभाग की सराहना करते हुए कहा कि अपने गुरु की स्मृति में इस प्रकार का व्याख्यान आयोजित करना एक अनुकरणीय कदम है। कार्यक्रम में डॉ. अनुपम शर्मा, प्रो. एम.पी. सिंह, प्रो. विभूति राय, डॉ. रत्नेश सिंह चंदेल तथा बिरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की और अपने विचार व्यक्त किए।

## सिटी डायरी




पदकों के साथ ओम यादव।

### तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर ओम ने रचा इतिहास

**अमृत विचार, लखनऊ :** एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में लखनऊ के उभरते खिलाड़ी ओम यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम कर प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। 3 से 8 फरवरी तक लुधियाना (पंजाब) में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ओम ने हर वर्ग में बेहतरीन खेल का परिचय दिया। डबल्स वर्ग में ओम यादव और गुजरात के वंश की जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाया। सेमीफाइनल में उन्होंने चीन की जोड़ी को हराया। फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी आर्यन और नीतीश को 5-2 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टीम इवेंट में भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड और फिर चीन को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि अभिनव दीक्षित।

### लविवि का जीत से आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय (केकेसी) की देखरेख में बुधवार से शुरू हुई सुंदरी देवी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जेएनपीजी ग्राउंड पर खेले गए मैच में लखनऊ विश्वविद्यालय ने मुमताज पीजी कॉलेज को आठ विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुमताज पीजी कॉलेज की टीम लखनऊ विश्वविद्यालय के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 14.3 ओवर में मात्र 47 रन बनाकर आउट हो गई। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से कुश तिवारी ने चार ओवर में एक मेडन सहित 16 रन देकर चार विकेट झटके। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर 51 रन बनाकर जीत दर्ज की।



एमओयू के साथ पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन और बेनेट यूनिवर्सिटी के डिप्टी डीन प्रो. तपस बादल।

### पीजीआई व बेनेट विवि में एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) और बेनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के बीच हेल्थकेयर क्षेत्र में अकादमिक सहयोग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शोध को बढ़ावा देने के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन और बेनेट यूनिवर्सिटी के डिप्टी डीन प्रो. तपस बादल के बीच औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इस सहयोग का उद्देश्य मेडिकल साइंसेज में एआई आधारित परियोजनाओं के विकास, अकादमिक आदान-प्रदान और क्लिनिकल रिसर्च को मजबूती देना है।




प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं और शिक्षिका।

### ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में 'ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आईयूपीएसी एवं एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स इंडिया के सहयोग से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सपना शर्मा, डॉ. पायल जोशी और लॉरा मैकानेल ने विज्ञान और वैक्सीन विकास जैसे विषयों पर विचार रखे।